


सांध्य दैनिक

# 4PM

जिद...सच की

www.4pm.co.in www.facebook.com/4pmnewsnetwork @Editor_Sanjay YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्षः 8 ● अंकः 72 ● पृष्ठः 8 ● लखनऊ, शुक्रवार, 15 अप्रैल, 2022

मूल्य ₹ 3/-




पंखुड़ियां तोड़ कर आप फूल की खूबसूरती नहीं इकट्ठा करते।

-रबिन्द्रनाथ टैगोर


राजधानी में कल से फिर चढ़ेगा पारा... 7 | विधायक, मंत्री और अफसर अब... 3 | आंबेडकर और लोहिया को मानने... 2


# अब प्रशासन को दुरुस्त करने में जुटे सीएम, कई जिलों के बदले गए डीएम

» 14 आईएएस अफसरों का तबादला, संजीव रंजन सिद्धार्थनगर के नए जिलाधिकारी

» बलकार सिंह को एमडी जल निगम ग्रामीण बनाया गया

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। अपने दूसरे कार्यकाल में सीएम योगी आदित्यनाथ अब प्रदेश की कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुट गए हैं। सरकार ने गुरुवार देर रात से आज सुबह तक आईएएस और आईपीएस अफसरों के ताबड़तोड़ तबादले किए। इसके तहत कई जिलों के डीएम और कप्तान बदल दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दूसरी पारी की सत्ता संभालने के बाद पहला बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। शासन ने 14 आईएएस और 14 आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए हैं। छह जिलों संभल, सिद्धार्थनगर, देवरिया, रायबरेली, कानपुर देहात और मेरठ के जिलाधिकारी बदले गए हैं। इसी तरह से नौ जिलों में नए पुलिस कप्तान बनाए गए हैं। मेरठ, देवरिया व रायबरेली के जिलाधिकारियों को हटाकर प्रतीक्षारत कर दिया है जबकि कई जिलों में डीएम को दूसरे जिले की भी कमान दी गई है। सिद्धार्थ नगर के जिलाधिकारी दीपक मीणा को मेरठ व संभल के जिलाधिकारी संजीव रंजन को जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर बनाया गया है। नगर आयुक्त मेरठ मनीष बंसल को डीएम संभल के पद पर भेजा गया है। देवरिया के डीएम आशुतोष निरंजन को हटाकर प्रतीक्षारत कर दिया गया है। कानपुर देहात के डीएम जितेन्द्र सिंह को देवरिया का जिलाधिकारी बनाया गया है जबकि नेहा जैन कानपुर देहात की नई जिलाधिकारी होंगी। देवरिया के डीएम आशुतोष निरंजन को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। जिलाधिकारी मेरठ बालाजी प्रतीक्षारत कर दिए गए हैं। विशेष सचिव आवास माला श्रीवास्तव को जिलाधिकारी रायबरेली बनाया गया है। जिलाधिकारी रायबरेली वैभव श्रीवास्तव प्रतीक्षारत कर दिए गए हैं। वहीं प्रतिनियुक्ति से लौटे बलकार सिंह को एमडी जल निगम (ग्रामीण) बनाया गया है। अनुराग यादव को सचिव नगर विकास से हटाकर सचिव कृषि की जिम्मेदारी दी गई है। समीर वर्मा सचिव लोक निर्माण को हटाकर सचिव समाज कल्याण बनाया गया है। सुरेश चंद्रा से अपर मुख्य सचिव नियोजन व कार्यक्रम क्रियान्वयन का चार्ज ले लिया गया है। चंद्रा अपर मुख्य सचिव श्रम बने रहेंगे। खास बात है कि सरकार ने तबादले आधिकारिक रूप से जारी नहीं किए हैं। जिलों व स्थानांतरित अधिकारियों ने यह जानकारी साझा की है।

### सचिव मुख्यमंत्री आलोक को अर्थव्यवस्था बढ़ाने की जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री के सचिव आलोक कुमार (तृतीय) को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। आलोक कुमार को सचिव नियोजन व कार्यक्रम क्रियान्वयन का पूर्ण चार्ज देने के साथ नोडल ऑफिसर 10 खरब डालर अर्थव्यवस्था बनाया गया है। गौरतलब है कि योगी सरकार ने अगले 5 वर्ष में अर्थव्यवस्था को इस चुनौती पूर्ण लक्ष्य तक ले जाने का संकल्प जताया है।



**मेरठ, देवरिया और रायबरेली के डीएम को हटाकर रखा गया प्रतीक्षा सूची में**

### कल देर रात हुए थे 14 आईपीएस के तबादले

गुरुवार की देर रात सरकार ने 14 आईपीएस अफसरों के तबादले किए थे। इसके तहत विनीत जायसवाल अमरोहा के नए एसपी बनाए गए हैं। हेमंत कुटियाल मुरादाबाद, राजेश कुमार सक्सेना बलरामपुर, अशोक कुमार रामपुर, कौस्तुभ महराजगंज, सोनम कुमार संतकबीर नगर, विकास कुमार वैद्य हाथरस, अतुल शर्मा द्वितीय चित्रकूट और धवल जायसवाल कुशीनगर के नए एसपी बनाए गए हैं। वहीं अंकित मित्तल बरेली पीएसी और प्रदीप गुप्ता कानपुर पीएसी के कमानडेंट नियुक्त किए गए हैं। पूनम, बबलू कुमार तथा सचीन्द्र पटेल को प्रतीक्षारत किया गया है।

# रामलला के दरबार पहुंचे उपराष्ट्रपति देखा मंदिर निर्माण का प्रेजेंटेशन

» स्पेशल ट्रेन से पहुंचे अयोध्या, किया दर्शन-पूजन

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

अयोध्या। प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर आए उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू आज लखनऊ से विशेष ट्रेन से अयोध्या पहुंचे। उन्होंने श्रीरामलला तथा हनुमानगढ़ी में दर्शन तथा पूजा कर मंदिर के निर्माण कार्य का प्रेजेंटेशन भी देखा।

उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू लखनऊ से स्पेशल ट्रेन से अयोध्या जंक्शन रेलवे स्टेशन पहुंचे। वहां से वे सीधे रामलला का दर्शन करने के लिए



रामजन्मभूमि पहुंचे। रामजन्मभूमि परिसर में उन्होंने रामलला के दर्शन किए और राममंदिर निर्माण की प्रक्रिया की जानकारी ली। उनके सामने मंदिर निर्माण की प्रक्रिया का वीडियो स्क्रीन पर थ्री-डी प्रस्तुतिकरण किया गया। रामलला के गर्भगृह की विशेष साज-सज्जा की गई। श्रीरामलला का गर्भगृह फूल-बंगला के रूप में सज्जित किया गया था। रामलला के दरबार में उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू के साथ उनकी पत्नी उषा नायडू ने काफी देर तक दर्शन-पूजन किया। परिवार के साथ रामलला का दर्शन करने के उपरांत उपराष्ट्रपति ने हनुमानगढ़ी में भी दर्शन पूजन किया। हनुमानगढ़ी के बाद वह विश्राम करने के लिए नयाघाट पर यात्री निवास पहुंचे। जहां पर उन्होंने लंच किया। उपराष्ट्रपति वाराणसी भी जाएंगे। इससे पहले अयोध्या रेलवे स्टेशन पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उपराष्ट्रपति का स्वागत किया।

# हार्दिक पटेल को आप ने दिया ऑफर कहा समय न बर्बाद करें कांग्रेस में

» गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हैं हार्दिक

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

सूरत। गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हार्दिक पटेल के अपनी ही पार्टी पर करारे हमलों के बाद आम आदमी पार्टी ने उन्हें खुला ऑफर दिया है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी के गुजरात प्रमुख गोपाल इटालिया ने कहा है कि हार्दिक पटेल को कांग्रेस में अपना समय बर्बाद नहीं करना चाहिए। वहां उनके जैसे समर्पित लोगों के लिए जगह नहीं है। उन्हें आप जैसी समान विचारधारा वाली पार्टी में शामिल हो जाना चाहिए।



हालांकि हार्दिक पटेल ने कांग्रेस छोड़ने की अफवाहों का खंडन किया है।

गुजरात में पाटीदार समुदाय के बड़े नेता हार्दिक पटेल जुलाई 2020 में प्रदेश कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने के बाद से अनदेखा किए जाने का आरोप लगा रहे हैं। हार्दिक ने आरोप लगाया था कि उन्हें प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक में नहीं बुलाया जाता। निर्णय लेने से पहले सलाह नहीं ली जाती। गुजरात कांग्रेस में कार्यकारी अध्यक्ष का मतलब शादी के बाद दूल्हे की नसबंदी करवाने के बराबर है। हार्दिक पटेल के ऐसे ही तेवरों में आम आदमी पार्टी मौका देख रही है।

# जिलों में प्रवास पर रहेंगे मंत्री, करेंगे जनसुनवाई

- » राजधानी में चार दिन रहेंगे उपलब्ध, मंत्रियों का तय किया गया एजेंडा
- » प्रभार वाले जिलों में करेंगे रात्रि प्रवास, हर दिन का तय किया गया टाइम टेबल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोबारा सत्ता संभालने के बाद राजकाज का 100 दिन का एजेंडा तय करने के साथ मंत्रियों के कामकाज की रूपरेखा भी तय कर दी है। मंत्री सप्ताह के चार दिन लखनऊ में और तीन दिन जिलों में प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान मंत्री जनसुनवाई कर शिकायतों का निस्तारण भी कराएंगे। योगी सरकार में विभागों के कामकाज का 100 दिन का एजेंडा तय करने के बाद छह महीने, दो वर्ष व पांच वर्ष का एजेंडा तय करने की कार्यवाही चल रही है। साथ ही विभागीय कामकाज तथा फील्ड में योजनाओं-परियोजनाओं के क्रियान्वयन व जनसमस्याओं के समाधान को लेकर भी स्पष्ट व्यवस्था बनाने की पहल की गई है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया है कि शासन की ओर से मंत्रियों के लिए दिनवार एजेंडा तय कर दिया गया है। मंत्री सप्ताह में चार दिन सोमवार, मंगलवार, बुधवार और गुरुवार लखनऊ में रहेंगे। मंत्री सोमवार को अपने ऑफिस में उपलब्ध रहकर शासकीय कार्यों के साथ जनसुनवाई करेंगे।

मंगलवार को कैबिनेट की संभावित बैठक के लिए उपलब्ध रहेंगे और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। मंगलवार या बुधवार को शासन की ओर से गठित कमेटियों की होने वाली बैठकों में शामिल होंगे। शुक्रवार, शनिवार व रविवार को जिलों में और प्रभार वाले जिलों में रात्रि प्रवास करेंगे।

# आंबेडकर और लोहिया को मानने वाले साथ-साथ करेंगे संघर्ष : अखिलेश

- » दोनों नेताओं ने राष्ट्रनिर्माण का देखा था एक जैसा सपना
- » मानवता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं समाजवादी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। सपा प्रमुख और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने डा. भीमराव आंबेडकर जयंती के मौके पर कहा कि डा. लोहिया और डा. आंबेडकर के विचारों को मानने वाले साथ-साथ संघर्ष करते हुए मानवता की रक्षा करेंगे। नागरिकों को संविधान के माध्यम से समानता का अधिकार व समाज में समता का भाव लाने का जो आंदोलन बाबा साहेब ने किया था उसे आज और अधिक तीव्र किए जाने की जरूरत है। उसके लिए हम सदैव प्रतिबद्ध एवं सक्रिय रहेंगे।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने ऐसे समाज का सपना देखा था जिसमें भेदभाव के लिए कोई स्थान न हो। हमारे लिए यह गौरव का विषय है कि डा. लोहिया और डा. आंबेडकर कई मामलों पर एक मत थे। दोनों महान नेताओं ने राष्ट्र निर्माण का एक जैसा सपना देखा था। उन्होंने कहा कि समाजवादी डॉ. लोहिया, डॉ. आंबेडकर के विचारों को मानने वाले साथ-साथ संघर्ष करते हुए मानवता की रक्षा करेंगे। इसके पहले सैफई में सपा प्रमुख ने स्मृति दीप जलाकर भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## स्मृति दीप जलाकर किया नमन

पार्टी मुख्यालय, लखनऊ में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने दीप जलाकर बाबा साहेब की स्मृति को नमन किया। इस कार्यक्रम में अरविन्द कुमार सिंह एमएलसी, चन्द्रशेखर चौधरी, राम करन निर्मल, प्रदीप यादव सहित राधेश्याम सिंह, सतीश समर, अरुण कुमार सेन, अनस, अमरेन्द्र आर्य, डॉ. लल्लन सिंह, सूरज सैनी, रामवीर आदि मौजूद रहे।



# बाबा साहेब के सपनों को साकार कर रही डबल इंजन की सरकार : मौर्य

- » बिना भेदभाव के दिया जा रहा योजनाओं का लाभ
- » महिला सशक्तीकरण के लिए काम कर रही सरकार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



बरेली। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती के मौके पर आयोजित समरसता कार्यक्रम में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने सही मायनों में बाबा साहेब के सपने को साकार करने का काम किया है। बाबा साहेब समानता चाहते थे हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास के संकल्प के साथ चल रही है। बाबा साहेब ने महिला सशक्तीकरण की बात कही तो हमारी सरकार ने तीन तलाक जैसे कानून लाकर महिलाओं को सशक्त किया।

उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण की योजनाओं को बिना भेदभाव के हमारी सरकार चला रही है। कोरोना में आम आदमी के लिए खाना और निशुल्क वैक्सीन की व्यवस्था भाजपा सरकार ने की। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जब तक देश में कांग्रेस की सरकार रही बाबा साहेब को भारत रत्न नहीं दिया गया। भाजपा के समर्थन से वीपी सिंह सरकार बनी तब उन्हें भारत रत्न दिया गया। उन्होंने बताया कि साफ-सफाई किसी जाति विशेष का काम नहीं है बल्कि यह हम सब की जिम्मेदारी है। डिप्टी सीएम ने प्रदेश में दोबारा भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए जनता का धन्यवाद दिया और कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था कायम रहेगी। इसके पूर्व उन्होंने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और आईएमए भवन में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। इसके बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों से मुलाकात की।

बामुलाहिजा

कार्टून: हसन जैदी




# रामोत्सव : श्रद्धालुओं पर जन्मभूमि की रज और सरयू जल का होगा छिड़काव

- » आयोध्या से रज, सरयू जल और प्रसाद से भरे रथ को किया गया रवाना
- » विहिप कानपुर में 17 अप्रैल को आयोजित कर रही है रामोत्सव

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



कानपुर। कानपुर में आयोजित रामोत्सव में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं पर श्रीराम जन्मभूमि की रज और सरयू के जल का छिड़काव किया जाएगा। साथ ही प्रसाद वितरित किया जाएगा। इसके लिए अयोध्या से रज, सरयू जल और प्रसाद को एक रथ में रखकर रवाना किया गया है। अयोध्या से प्रसाद के 50 हजार पैकेट भेजे गए हैं। प्रसाद के ये पैकेट रामोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं को वितरित किए जाएंगे।

शहर में विहिप के रामोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। प्रभु राम से इस कार्यक्रम को जोड़ने के लिए सरयू नदी का जल, श्रीराम जन्मभूमि की रज और प्रसाद से भरे रथ को विहिप के केंद्रीय उपाध्यक्ष व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र न्यास के महामंत्री चंपत राय, गजेंद्र क्षेत्र संगठन मंत्री, राजेश तिवारी प्रांत धर्माचार्य संपर्क प्रमुख ने गुरुवार को आयोध्या से रवाना किया। राम लला विराजमान के पावन रज (धूल) को आर्यन, वैभव अग्रवाल और राजेश ने अपने हाथों से एकत्रित किया है। गौरतलब है कि विश्व हिंदू परिषद द्वारा 17 अप्रैल को रामोत्सव का आयोजन निराला नगर में किया जा रहा है। इसकी सारी तैयारियां लगभग पूरी हो गयी हैं।

# विधायक, मंत्री और अफसर अब जनता को देंगे 100 दिन के काम का ब्योरा

» हर विभाग को रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए बताने होंगे उपाय

» खाद्य तेलों व दलहन उत्पादन की कार्ययोजना भी करेंगे तैयार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। अब विधायक, मंत्री व अफसर जनता को काम का ब्यौरा देंगे, वह भी सौ दिन में। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रियों व अफसरों से दो टूक कहा है कि सभी विभागों को 100 दिन के बाद जनता के सामने अपने काम का ब्योरा देना होगा। जनहित की योजनाओं के लिए धनराशि की कमी नहीं है लेकिन वित्तीय संतुलन जरूरी है। उन्होंने सभी को मितव्ययिता पर ध्यान देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कृषि सेक्टर से जुड़े विभागों की ओर से प्रस्तावित कई नई योजनाओं व कार्यक्रमों पर आगे बढ़ने को हरी झंडी दे दी है।

उन्होंने प्रदेश की आवश्यकता के अनुसार खाद्य तेलों व दलहन उत्पादन की कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता वाले मंत्रिमंडल के समक्ष कृषि सेक्टर से जुड़े सात विभागों ने भावी कार्ययोजना की प्रस्तुतिकरण हुआ। इसी बैठक में मुख्यमंत्री ने ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग को रोजगार सृजन के अवसरों पर फोकस रखना होगा और जो योजना शुरू की जाए उसे समयबद्ध रूप से संचालित किया जाए। राज्य सरकार किसानों की आय में गुणात्मक वृद्धि के लिए संकल्पित है। आगले 5 वर्ष में ऐसा परिवेश तैयार किया जाए जहां पर्यावरण संवेदनशील कृषि व्यवस्था हो। खाद्यान्न एवं पोषण की सुरक्षा हो। उन्होंने प्रदेश की बढ़ती आबादी के लिए खाद्य तेलों व दलहन की उपलब्धता बढ़ाने पर खास जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि हर कृषि विज्ञान केंद्र को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाए। केवीके में इंफ्रास्ट्रक्चर पर्याप्त हैं। हर सेंटर में एक प्रोसेसिंग यूनिट जरूर हो, इससे किसानों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक कृषि तकनीक एवं पारंपरिक कृषि विज्ञान का अपेक्षित उपयोग किया जाना चाहिए। कृषि शिक्षा और कृषि अनुसंधान को कृषकोन्मुखी और जवाबदेह बनाने की जरूरत है। उन्होंने नहरों के टेल तक पानी पहुंचाने के लिए ठोस प्रयास के निर्देश दिए। कहा कि बाढ़ बचाव से संबंधी कार्य 15 जून से पहले पूरे कर लिए जाएं।



## गो-अभयारण्य की स्थापना का भी निर्देश

मुख्यमंत्री ने छुट्टा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए अगले 100 दिनों में गो-अभयारण्य की स्थापना का निर्देश दिया। कहा, गोवंश संरक्षण के साथ केंद्र को स्वावलंबी बनाया जाए। उन्होंने 100 दिन में 50,000 निराश्रित गोवंश को पंचायती राज व नगर विकास से समन्वय कर दिलाने तथा छह माह में एक लाख निराश्रित गोवंश के लिए व्यवस्थित आश्रय स्थल तैयार कराने का निर्देश दिया।

## परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने का निर्देश

मुख्यमंत्री ने गंगा नदी के किनारे 35 जिलों में प्राकृतिक खेती की परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया। कहा कि विकास खंड स्तर पर 500-1000 हेक्टेयर क्षेत्रफल के क्लस्टर का गठन हो। हर क्लस्टर में एक चैंपियन फॉर्मर, एक सीनियर लोकल रिसोर्स पर्सन, 2 लोकल रिसोर्स पर्सन व 10 कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन का चयन किया जाए। पीएम किसान योजना में नाम मिस मैच होने की समस्या का भर संज्ञान लिया गया। योगी ने अभियान चला कर डेटा सुधार और 31 मई तक कृषकों की ई-केवाईसी पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन अपात्रों ने योजना का लाभ लिया है, उनसे वसूली भी की जाए।

## हर जिले से निर्यात वाली उपज होंगी चिह्नित, बनेंगी नई मंडियां

अब हर जिले में निर्यात की जा सकने वाली उपज का चिन्हीकरण होगा। साथ ही यह योजना ओडीओपी की तर्ज पर लागू की जा सकती है। सीएम योगी ने एक्सप्रेस-वे पर जमीन चिन्हित कर नई मंडियों की स्थापना कराने तथा पीपीपी मॉडल पर मंडियों में प्रसंस्करण इकाइयों को स्थापित करने की नीति तैयार करने का निर्देश दिया है।

## 14 दिन में किसानों को करेंगे गन्ना मूल्य का भुगतान

मुख्यमंत्री ने हर जिले में निर्यात की जा सकने वाली उपज का चिन्हीकरण करने का निर्देश दिया। कहा कि यह योजना ओडीओपी की तर्ज पर लागू की जा सकती है। उन्होंने एक्सप्रेस-वे पर जमीन चिन्हित कर नई मंडियों की स्थापना कराने तथा पीपीपी मॉडल पर मंडियों में प्रसंस्करण इकाइयों को स्थापित करने की नीति तैयार करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को गन्ना मूल्य भुगतान 14 दिनों के भीतर करने के लिए हम संकल्पबद्ध हैं। इसके लिए सभी जरूरी प्रयास के निर्देश दिए। उन्होंने अगले 100 दिनों में 8,000 करोड़ व छह महीने में 12,000 करोड़ गन्ना मूल्य भुगतान का लक्ष्य दिया।

# विधान परिषद चुनाव के बाद अब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर मंथन, चर्चा में कई नाम

» लोक सभा चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा जल्द कर सकती नाम की घोषणा

» ब्राह्मण से लेकर दलित चेहरे तक पर दांव खेल सकती पार्टी, शीर्ष नेतृत्व कर रहा मंथन

» विधान सभा और विधान परिषद चुनाव नतीजों से उत्साहित है भाजपा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। यूपी विधान सभा तथा विधान परिषद के चुनाव में प्रचंड जीत के बाद अब भाजपा 2024 के लोक सभा चुनाव की तैयारियों में जुट गयी है। इस तैयारी में प्रदेश में सबसे अहम भूमिका निभाने वाले पद यानी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद पर किसकी ताजपोशी होगी, इस पर मंथन किया जा रहा है। भाजपा में कई नाम चर्चा में हैं।

मिशन 2024 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए भाजपा का शीर्ष नेतृत्व अब यूपी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर माथापच्ची कर रहा है। माना जा रहा है कि भाजपा चौंकाने वाला नाम सामने ला सकती है। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ ही डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य तथा बृजेश पाठक की बीते दिनों शीर्ष नेतृत्व के साथ मुलाकात के बाद अब लग रहा है कि प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा में अधिक समय नहीं लगेगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। उनके कैबिनेट में शामिल होने के बाद से इस पद के लिए कई नामों पर चर्चा चल रही है। हालांकि भाजपा चर्चा में रहने वाले नामों को कई बार खारिज भी कर देती है। माना जा रहा है कि पूर्व उप मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा के साथ पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है लिहाजा डा. दिनेश शर्मा या श्रीकांत शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा सकता है। दोनों ब्राह्मण वर्ग से आते हैं और श्रीकांत शर्मा तो युवा चेहरा हैं। इनके साथ ही परिवहन मंत्री रहे अशोक कटारिया पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गुर्जर वर्ग के बड़े नेता हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गुर्जर वर्ग को साधने के लिए भाजपा अशोक कटारिया पर दांव लगा सकती है। वहीं भाजपा ने योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल के शीर्ष के क्रम में किसी दलित को नहीं शामिल किया है। लिहाजा प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए इटावा से सांसद दलित नेता प्रो. राम शंकर कठेरिया पर दांव खेल सकती है। प्रो. राम शंकर यूपी में भाजपा के बड़े दलित नेता हैं। इनके साथ ही भाजपा के राष्ट्रीय अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष और कौशांबी से सांसद विनोद सोनकर के नाम पर भी मुहर लगा सकती है। इसके अलावा यूपी भाजपा अध्यक्ष पद पर लगातार दो बार से सांसद और केंद्र सरकार में मंत्री कौशल किशोर, मिश्रिख से सांसद अशोक रावत, मछलीशहर से सांसद भोलानाथ सरोज, जालौन से सांसद भानु प्रताप सिंह वर्मा, हरदोई से जय प्रकाश, बुलंदशहर के सांसद भोला सिंह के नामों की भी चर्चा हो रही है। इन नामों के अलावा भी भाजपा किसी और पर भी विचार कर सकती है। माना जा रहा है कि हर बार की तरह इस बार भी भाजपा नया चेहरा सामने लाकर सबको चौंका सकती है। 2024 के लोक सभा चुनाव को ध्यान में रखकर इस बार भाजपा का शीर्ष नेतृत्व उत्तर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष के पद पर इस बार किसी मंझे हुए नेता को ला सकता है।



## जातीय समीकरण पर भी नजर

प्रदेश की सियासत को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व की नजर जातीय समीकरण पर भी है। लिहाजा वह सभी समीकरणों पर बारीकी से आंकलन करने के बाद ही किसी चेहरे पर मुहर लगाएगी।

## चौंका सकता है शीर्ष नेतृत्व

पिछले विधान सभा चुनाव में भाजपा को जातिगत समीकरण साधने के लिए किसी नए चेहरे की जरूरत थी तक लक्ष्मीकांत वाजपेयी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। उनके बाद फूलपुर से सांसद केशव प्रसाद मौर्य को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया। केशव के नाम में भाजपा को दो फायदा दिखा। पहला यह कि उन्होंने हिंदुत्व के लिए काफी काम किया था और दूसरा वह पिछड़ा वर्ग से आते हैं। 2017 में केशव प्रसाद मौर्य को डिप्टी सीएम बना दिया गया। कयास लगाए जाने लगे कि एक बार फिर से कोई ओबीसी या दलित चेहरा भाजपा यूपी की कमान संभाल सकता है लेकिन फिर भाजपा ने सबको हैरान कर दिया। ब्राह्मण सांसद महेंद्र नाथ पाण्डेय को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया। इनके नेतृत्व में ऐतिहासिक जीत के बाद महेंद्र नाथ पाण्डेय को पार्टी ने केंद्र सरकार में मंत्री पद का इनाम दिया। यूपी में फिर से प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी खाली हो गई। फिर से कयास लगाए जाने लगे कि कोई दलित चेहरा यूपी की कमान संभालेगा। कई नामों की चर्चा भी उठी लेकिन भाजपा ने सबको दरकिनार कर दिया। ओबीसी वर्ग से आने वाले स्वतंत्र देव सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया। स्वतंत्र देव योगी आदित्यनाथ कैबिनेट में परिवहन मंत्री हुआ करते थे।

## जिद... सच की



Sanjay Sharma

editor.sanjaysharma

@Editor_Sanjay

# कोयले की किल्लत और बिजली संकट

> गर्मी बढ़ने के साथ देश में बिजली संकट के आसार दिखने लगे हैं। यूपी, महाराष्ट्र और पंजाब समेत दस राज्यों के विद्युत उत्पादक संयंत्र कोयले की कमी से जूझ रहे हैं। इन संयंत्रों में कोयला भंडार का स्तर बेहद कम हो चुका है। लिहाजा इन राज्यों में मांग के मुताबिक बिजली की उपलब्धता नहीं हो पा रही है। कई राज्यों में अनिवार्य कटौती शुरू हो गयी है।

*गर्मी बढ़ने के साथ देश में बिजली संकट के आसार दिखने लगे हैं। यूपी, महाराष्ट्र और पंजाब समेत दस राज्यों के विद्युत उत्पादक संयंत्र कोयले की कमी से जूझ रहे हैं। इन संयंत्रों में कोयला भंडार का स्तर बेहद कम हो चुका है। लिहाजा इन राज्यों में मांग के मुताबिक बिजली की उपलब्धता नहीं हो पा रही है। कई राज्यों में अनिवार्य कटौती शुरू हो गयी है। सवाल यह है कि विद्युत संयंत्रों के पास कोयले की किल्लत क्यों हो गयी? मांग के मुताबिक बिजली उपलब्ध कराने में राज्य सरकारें नाकाम क्यों साबित हो रही हैं? क्या ताप विद्युत संयंत्रों पर अत्यधिक निर्भरता ने हालात बिगाड़ दिए हैं? सरकार कोयले की किल्लत को दूर करने को लेकर गंभीर क्यों नहीं है? क्या बिजली की कमी देश की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर नहीं डालेगी?*

*भीषण गर्मी में कई राज्यों के नागरिकों को विद्युत कटौती का सामना करना पड़ रहा है। इसकी बड़ी वजह यूपी, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और तेलंगाना के विद्युत संयंत्रों में कोयले की कमी है। महाराष्ट्र में कई साल बाद अनिवार्य कटौती की स्थिति बनी है। यहां मांग के मुकाबले 2500 मेगावाट बिजली कम है। झारखंड, बिहार, हरियाणा और उत्तराखंड में मांग के मुकाबले तीन-तीन फीसदी कम बिजली उपलब्ध है जबकि पिछले एक सप्ताह में बिजली की मांग में 1.4 फीसदी का इजाफा हुआ है। यूपी में 21 से 22 हजार मेगावाट बिजली की मांग है लेकिन 19 से 20 हजार मेगावाट बिजली ही मुहैया हो पा रही है। यहां भी अनपरा और ओबरा परियोजनाओं में चार-पांच दिन का कोयला बचा है जबकि यहां 15 दिन का स्टॉक होना चाहिए। उप्र राज्य विद्युत उत्पादन निगम की सबसे बड़ी 2630 मेगावाट क्षमता की अनपरा परियोजना को रेल रैक से कोयले की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी। यहां प्रतिदिन 40 हजार मीट्रिक टन कोयले की जरूरत होती है। ओबरा परियोजनाओं की भी 200-200 मेगावाट की कुल पांच इकाइयों में से चार को फुल लोड पर चलाया जा रहा है। यदि कोयले की आपूर्ति जल्द नहीं हुई तो विद्युत संकट गहरा जाएगा। वहीं लॉकडाउन के बाद पटरी पर लौट रही औद्योगिक गतिविधियां भी बाधित होंगी। इसका असर अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। इस समस्या का स्थायी समाधान तभी हो सकता है जब सरकार कोयला आधारित ताप संयंत्रों पर निर्भरता कम करे और जल एवं सौर ऊर्जा संचालित संयंत्रों के जरिए विद्युत उत्पादन पर जोर दे। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि बारिश या अन्य कारणों से खदान से कोयला ताप संयंत्रों तक पहुंचाना और मांग के अनुरूप लोगों को विद्युत उपलब्ध कराना मुश्किल हो जाता है।*

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# जानलेवा हो चला वायु प्रदूषण

वंदना शिवा

देश के कई शहरों में पर्यावरण की समस्या आश्चर्यजनक ढंग से बढ़ रही है। वायु प्रदूषण से हर साल हमारे देश में हजारों असामयिक मौतें होती हैं और हर आयु वर्ग के लोग प्रदूषण जनित समस्याओं का शिकार हो रहे हैं। सड़कों पर गाड़ियों की बढ़ती संख्या और औद्योगिक प्रदूषण के चलते अनेक शहरों की वायु गुणवत्ता बुरी तरह से प्रभावित हुई है। प्रदूषकों के अतिसूक्ष्म कणों, हानिकारकों गैसों और रसायनों से आबोहवा में जहर घुल रहा है। इसकी चपेट में आने से लोग कैंसर, अस्थमा, चर्मरोग जैसी अनेक बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। खेती में पेस्टिसाइड और जहरीले रसायनों के इस्तेमाल से तैयार होनेवाली उपज स्वास्थ्य के लिए हानिप्रद है। सामान्य तौर पर होनेवाली मौतों के अलावा जो मौतें हो रही हैं, उसका कारण मानव निर्मित पर्यावरणीय समस्या ही है।

जैव ईंधनों से होनेवाले प्रदूषण को रोकने के लिए अभी तक ठोस प्रयास नहीं हुए हैं। देश में बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए आर्थिक गतिविधियां, आवागमन, औद्योगिक उत्पादन का बढ़ना भी स्वाभाविक है, उसके समानांतर प्रदूषण की समस्या भी बढ़ रही है। प्रदूषण के स्रोत और उसके कारकों के बारे में हम सभी को पता है लेकिन उसका समाधान तभी हो पायेगा, जब हम उसकी गंभीरता को समझते हुए समुचित और सही दिशा में प्रयास करेंगे। धरती का स्वास्थ्य और हमारा स्वास्थ्य एक ही है, अगर एक का स्वास्थ्य खराब होगा तो उसका असर दूसरे पर भी पड़ेगा अगर हम धरती के स्वास्थ्य को हानि पहुंचायेंगे, तो वह हानि हमारे स्वास्थ्य पर भी होगी। चाहे बढ़ते पेस्टिसाइड और हानिकारक रसायनों से होनेवाला कैंसर हो या प्रदूषण से होनेवाला अस्थमा। इस ग्रह पर जीवन को बचाने के लिए हमें धरती मां पर आक्रमण रोकना पड़ेगा। यह गांधी का देश है, जहां जीवन और विचारों में सादगी की बात होती है। हमारे यहां घरों में बने भोजन का चलन रहा है और हथकरघा उद्योगों से हम अपने जरूरी सामानों को तैयार करते रहे हैं। उससे किसी प्रकार का कोई प्रदूषण नहीं होता लेकिन, हमारे रहन-सहन में आ रहे बदलाव के साथ समस्याएं भी बढ़ रही हैं। फैक्ट्रियों से उत्पादन से वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण होना स्वाभाविक है।

आजादी की लड़ाई में संकल्प लिया था कि हम कपड़ा खुद तैयार करेंगे, मिलों में तैयार कपड़े का इस्तेमाल नहीं करेंगे। हमें सोचना होगा कि जो भी चीजें फैक्ट्रियों से आती हैं, वह प्रदूषण करके आती हैं और जो चीजें हाथों से निर्मित होती हैं, वे प्रदूषण से मुक्त होती हैं। हमारे देश में हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट की संस्कृति को ऊपर रखा गया था। हमने खाने-पीने की चीजों को कभी बड़ी फैक्ट्रियों में नहीं आने दिया। खाने-पीने के सामान को खुद अपने हाथों से बनाया। हाथों से बने मसालों से अचार बनाओगो तो उससे प्रदूषण का कोई सवाल ही नहीं उठता लेकिन जब वह फैक्ट्री में बनेगा तो उसमें रसायनों का इस्तेमाल होगा। हमने किसानों को जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित किया है। लोग मान चुके हैं कि बिना रसायन के गुड़ नहीं बना सकते। पहले इसमें रसायनों का इस्तेमाल नहीं होता था। उसमें एक बूंद पानी का इस्तेमाल नहीं होता था क्योंकि गन्ने का रस वाष्पित होकर गुड़ बन जाता है। इससे न तो पानी का प्रदूषण होता है और न वायु का। गन्ने को निचोड़ने से बचा अवशेष ईंधन के काम आ जाता है तो अतिरिक्त ईंधन की भी जरूरत नहीं होती। लोगों को इससे रोजगार मिलता और खाने के लिए बेहतर चीजें भी। इसी गन्ने से चीनी भी तैयार होती है। चीनी मिल में पहले खूब पानी इस्तेमाल किया जाता है। मिलों के आसपास का पानी दूषित हो जाता है। प्रदूषित पानी भूजल में जहर घोल रहा है। जहां-जहां शुगर मिलें हैं, वहां चिंताजनक प्रदूषण है। अन्य प्रकार की औद्योगिक गतिविधियों से भी जल और हवा का प्रदूषण बढ़ रहा है। फैक्ट्रियों से बड़े पैमाने पर औद्योगिक कचरा निकलता है, वह पर्यावरण के लिए घातक है। वहीं चीनी खाने से तमाम तरह की बीमारियां होती हैं। हथकरघा से तैयार होनेवाले उत्पाद वायु मंडल को प्रदूषित नहीं करते, बल्कि वह हर प्रकार से फायदेमंद भी हैं। लेकिन वही कपड़ा जब टेक्सटाइल मिल में तैयार होता है तो उससे प्रदूषण होता है। फैक्ट्रियों से निकलनेवाले कचरे और रसायन से नदियों का जल दूषित हो रहा है। उससे जलीय जीव-जंतुओं के अस्तित्व पर खतरा है, तो मानव का जीवन में उसके प्रभाव से नहीं बचा है। कहने का तात्पर्य है कि हमें अपने जीवनयापन के पारंपरिक तौर-तरीकों की तरफ लौटने की जरूरत है अन्यथा जिस तरह से प्रदूषण बढ़ रहा है, वह पर्यावरणीय समस्याओं को गंभीर बनाता जायेगा और इसके प्रभाव से कोई अछूता नहीं रहेगा।



# फीस बढ़ने से बिगड़ गया घर का बजट

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ।** योगी सरकार ने यूपी के सभी निजी स्कूलों को फीस बढ़ाने की अनुमति दे दी है। सरकार के आदेशानुसार फीस करीब दस फीसदी बढ़ेगी। फीस बढ़ोतरी के लिए 2019-20 के फीस स्ट्रक्चर को ही आधार बनाया जाएगा। ऐसे में जहां पेट्रोल-डीजल और खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ रखी है, अब वही स्कूलों की बढ़ती फीस भी पेरेंट्स के लिए चिंता का विषय बन गई है। 4पीएम के **संवाददाता क्षितिज कान्त** ने जब इस मुद्दे पर लखनऊवासियों से बात की तो उन्होंने कुछ इस तरह जाहिर की अपनी चिंता।


मनोज दास


नित्यानंद भट्ट


पुनीत बाजपेयी


आसिफ खान


ललित त्यागी


राहुल मिश्रा


धीरज रस्तोगी

मनोज दास बताते हैं कि वर्तमान में कोरोना काल से बेहतर हालात हैं क्योंकि उस दौर में बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे थे। ऑनलाइन क्लास कहने को थी लेकिन उतनी प्रभावशाली नहीं थी। विद्यालय में छात्र बेहतर तरीके से सीखते हैं। अचानक 10 फीसदी फीस में बढ़ोतरी आम आदमी की जेब पर बड़ा फर्क डाल रही है क्योंकि प्राइवेट नौकरी करने वालों का वेतन बढ़ा नहीं बल्कि महंगाई बढ़ गई। किताबों पर कहीं भी छूट नहीं मिल रही है और किताबें भी काफी महंगी हो गयी हैं। किताबें सिर्फ एक ही डीलर की दुकान पर मिलती हैं। इसके अलावा किताबें कहीं भी ढूंढने पर भी नहीं मिलती।

नित्यानंद भट्ट ने कहा कि किताबें पहले से महंगी है और स्कूल के चयनित दुकानों पर ही मिलती हैं और किसी भी अन्य दुकानों पर नहीं मिलती। पहले की तुलना आज पढ़ाई में बहुत फर्क आया है। पहले से पढ़ाई अब बेहतर हो गई है। आप देखिए केजी के बच्चे ताइक्वांडो जैसी एक्टिविटी कर रहे हैं और पहले कक्षा 9 में भी यह सब नहीं करने को मिलता था। अंग्रेजी तो आती ही नहीं थी, किताबें महंगी होने से ज्यादा फर्क नहीं पड़ रहा है क्योंकि महंगाई के साथ-साथ वेतन भी तो बड़ा है।

पुनीत बाजपेयी कहते हैं कि फीस बढ़ाने को लेकर तो कोई ऐसी बात सामने नहीं आई है। स्कूल प्रबंधन ने तीन माह की फीस इकट्ठा ले ली है और किताबें स्कूल से ही मिल जाती हैं। ऑनलाइन क्लास ठीक थी। उस दौरान मुझे मेरी बेटी के साथ बैठना पड़ता था और काफी समय मैं अपनी बेटी को दे पाता था।

आसिफ खान ने कहा, ऑनलाइन क्लास से काफी बेहतर है स्कूल में पढ़ाई क्योंकि वहां मेरा बच्चा और भी तमाम तरीके की चीजें कर पाता है। एक अच्छा माहौल रहता है। फीस बढ़ाना सही नहीं है कम से कम दो वर्ष के लिए। बढ़ोतरी में रोक लगाना चाहिए।

ललित त्यागी बताते हैं कि फिलहाल मेरे बच्चों के स्कूल में फीस नहीं बढ़ी है लेकिन बढ़ती है तो दोहरी मार झेलनी पड़ेगी। स्कूल में फीस पूरी ले ली जाती है और किताबें भी वहीं से मिलती है।

राहुल मिश्रा ने कहा, फीस को लेकर मैनेजमेंट बहुत खराब है, पूरी हीलाहवाली हो रही है। फीस बढ़ने से बजट बिगड़ जाता है, किताबें एक ही दुकान पर मिलती हैं और ज्यादा सिफारिश करने पर 5 से 7 फीसदी की छूट मिलती है।

धीरज रस्तोगी कहते हैं कि दस फीसदी फीस बढ़ने से बहुत फर्क पड़ा है। अभिभावक के पास पैसा नहीं है। कोरोना के दौरान सभी की नौकरी चली गई और अभी जिनके पास नौकरी है उनकी महीने की पगार इतनी कम है कि घर का खर्चा चला पाना बहुत मुश्किल हो रहा है।

# गर्मियों के दिनों में काफी लाभदायक साबित होते हैं शहतूत



गर्मी के मौसम में आमतौर पर लोग तरबूज, खरबूजा या आम आदि खाना काफी पसंद करते हैं। इसके अलावा भी ऐसे कई फल होते हैं, जिन्हें अमूमन नजरअंदाज किया जाता है। लेकिन वास्तव में यह गर्मियों के दिनों में काफी लाभदायक साबित हो सकते हैं। इन्हीं में से एक है शहतूत। शहतूत सबसे अच्छा विटामिन का श्रोत है जिसे आप इस मौसम में प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत बनाने के लिए ले सकते हैं। इस मौसम में खुद को बीमारियों से दूर रखने के लिए पर्याप्त पानी पीना या फिर मौसमी फलों और सब्जियों का सेवन करना बेहद आवश्यक हो जाता है। इन्हीं फलों में आपको शहतूत को भी अवश्य शामिल करना चाहिए। यहां तक कि न्यूट्रिशनिस्ट भी इसे खाने की सलाह देते हैं। जी हां, हाल ही में सेलिबिटी न्यूट्रिशनिस्ट रुजुता दिवेकर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिए शहतूत खाने के कुछ फायदों के बारे में बताया है। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में...।



## सेहतमंद ब्लड शुगर

शहतूत के फायदे में सबसे जरूरी देखने वाली बात यह है कि यह हाई ब्लड शुगर लेवल के लिए असरदार है। इसमें 1-deo&ynojirimycin नाम का कंपाउंड पाया जाता है जो कार्बोहाइड्रेट तोड़ने वाले एंजाइम पैदा करता है। यह सभी को पता है कि कार्बोहाइड्रेट के टूटने से ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाता है। जिस वजह से यह लाजवाब फल ब्लड शुगर लेवल सामान्य बनाए रखने में मदद करता है। इस फल के फायदे स्वस्थ पाचन शक्ति के लिए भी जाने जाते हैं।

## पाचन संबंधी

शहतूत के सेवन का एक लाभ यह भी है कि यह आपके पाचन तंत्र को बेहतर बनाने में मदद करता है। रुजुता दिवेकर के अनुसार, अगर आप आप अपना वजन कम करना चाहते हैं लेकिन फूला हुआ महसूस करते रहते हैं, तो ऐसे में आपको शहतूत का सेवन अवश्य करना चाहिए। यह पाचन में सुधार करता है और इसमें एंटी-इफ्लेमेटरी गुण होते हैं।

## आंखों के स्वास्थ्य में सुधार

पोषण विशेषज्ञ बताती हैं कि यह फल दुनिया के हमारे हिस्से में हर जगह प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। हालांकि, शहतूत के कई लाभों के बारे में बहुत कम जानकारी है जो इसे सुपर हेल्दी और अनमोल बनाते हैं। रुजुता दिवेकर के अनुसार आज के समय में हम स्क्रीन के सामने काफी समय बिताते हैं। इससे आंखों में थकान और सूखापन हो सकता है। शहतूत में आंखों के स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छा माना जाता है।



## एंटीऑक्सीडेंट

शहतूत में एंटीऑक्सीडेंट भारी मात्रा में पाए जाते हैं जैसे कि विटामिन सी और विटामिन के। शहतूत में रेसवेराट्रॉल नाम का भी एंटीऑक्सीडेंट भारी मात्रा में पाया जाता है। रेसवेराट्रॉल दिल की बीमारी दूर रखने के लिए जाना जाता है और ऐसा ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने से होता है। डाइट में एंटीऑक्सीडेंट होने से फ्री रेडिकल से बचाव रहता है जिससे बढ़ती उम्र के आसार जल्दी से दिखाई नहीं देते हैं।

## मजबूत इम्यूनिटी

एंटीऑक्सीडेंट में से विटामिन सी बाहरी रोगजनकों से लड़ने में मदद करता है। 100 ग्राम शहतूत खाने से 33.4 मिली ग्राम विटामिन सी मिलता है जो पूरे दिन की विटामिन सी की जरूरत को पूरा करता है। इसके अलावा शहतूत में मौजूद विटामिन और मिनरल्स बीमारी से बचाव करने में मदद करते हैं। इम्यून सिस्टम मजबूत बनाने के लिए डाइट में एंटीऑक्सीडेंट का होना बेहद जरूरी है।

## सेहतमंद दिमाग

इसमें कोई शक की बात नहीं है कि एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होने के कारण शहतूत में बढ़ती उम्र के आसार जल्दी नहीं आने देते हैं। एंटीऑक्सीडेंट शरीर के कई सेल का बचाव करते हैं जिससे ज्यादा समय के लिए जवान और सेहतमंद रहने में मदद मिल सकती है। शरीर का ऐसा अंग जो एंटीऑक्सीडेंट से सबसे ज्यादा फायदे लेता है वो है दिमाग। जब सही मात्रा में विटामिन सी और कैल्शियम का सेवन किया जाता है तब दिमाग पोषण से भरपूर और सेहतमंद रहता है। एक अध्ययन में यह साबित हुआ है कि एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर खाना खाने से भूलने की बीमारी होने के आसार कम हो जाते हैं।

## स्वस्थ टिशू

शहतूत में विटामिन के साथ कई मिनरल्स मौजूद हैं जैसे कि आयरन और कैल्शियम जो टिशू की मरम्मत करने के लिए लाभदायक हैं। मिनरल्स, हड्डियों को कमजोर नहीं होने देते हैं जिससे गठिया जैसी बीमारी के आसार कम हो जाते हैं।

## स्वस्थ लिवर

शहतूत में पाया जाने वाला कंपाउंड खून शद्ध करने का काम करता है। जिससे शहतूत लिवर स्वस्थ रखने में मदद भी मदद करता है। और आपको बता दें कि शहतूत में आयरन की अच्छी मात्रा होती है जो लिवर को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करती है।

## सामान्य कोलेस्ट्रॉल

डाइटरी फाइबर होने के कारण शहतूत खाने से कोलेस्ट्रॉल लेवल सामान्य बने रहने में मदद मिलती है। शहतूत में जो फाइबर पाया जाता है वो पानी अब्जॉर्ब कर सकता है जिससे अचानक से कोलेस्ट्रॉल लेवल नहीं बढ़ता है और साथ ही दिल भी सेहतमंद रखने में मदद करता है।

## स्वस्थ त्वचा

विटामिन ए और विटामिन ई की कमी होने के कारण त्वचा सूखी हो जाती है। शहतूत विटामिन से भरपूर है जो त्वचा के लिए लाभदायक है। शहतूत का सेवन सही मात्रा में करने से त्वचा में नमी बनी रहती है।



## हंसना मना है

प्यार पहले अंधा होता था फिर उसने अपनी आंखों का इलाज करवाया। अब वह गाड़ी, बंगला, शक्ल और बैंक बैलेंस सब देखता है।

कल मेरी दादी ने मुझे आलू बोला था लेकिन मैंने गुस्सा नहीं किया क्योंकि PO-TA-TO उन्हीं का हूं।

पत्नी ने कहा कि फ्री बैठे हो तो कपड़े धो डालो वरना मैं धो दूंगी। समझ नहीं आ रहा इस धोने को पत्नी की रिक्वेस्ट समझूं या धमकी।

कुछ लोग इतने गरीब होते हैं कि उनके पास देने के लिए कुछ नहीं होता है इसलिए वे लोगों को बस धोखा देते हैं।

हर कोई कहता है कि मेरी वाली सबसे अलग है मेरी वाली तो इतनी अलग थी कि मुझसे ही अलग हो गई!

शादियों में कुछ लड़के तो कैमरे के सामने दूल्हे के बगल में फोन कान पर ऐसे लगाए रहते हैं मानो सूचना और प्रसारण मंत्री वही हों।

सुना था कि कोई गलत काम करो तो हाथ कांपते हैं आजकल सुबह नहाते वक्त मेरे भी हाथ कांपते हैं।

## कहानी | सच्चा संत

एक सात वर्षीय बालक शहर के एक प्रसिद्ध महात्माजी के आश्रम में काफी दूर से आता है और उनसे मिलने के लिये बैठ जाता है। महात्माजी के प्रवचन का समय होने पर वे बाहर आते हैं और उस बालक को बैठा देखकर उसके पास आकर बड़े प्यार व स्नेह से उसके सिर पर हाथ फेरकर पूछते हैं कि तुम मुझसे क्यों मिलना चाहते हो। वह बड़ी ही विनम्रता से कहता है कि मेरी छोटी बहन बीमार है, मुझे नहीं पता उसे क्या हुआ है पर उसका ऑपरेशन करना बहुत जरूरी है। मेरे पिताजी के पास इतना धन नहीं है कि वे यह खर्च वहन कर सकें और उसकी जान बचा सके। मेरी मां ने कहा है कि अब भगवान ही इसे बचा सकते हैं। आप भगवान के देवदूत हैं और अगर आप चाहे तो भगवान से कहकर मेरी बहन को बचा सकते हैं। मैं अपने साथ यह गुल्लक भी लाया हूं जिसमें मेरे द्वारा बचाये गये जेब खर्च के रूपये जमा हैं और वह गुल्लक खोलकर उसमें रखे ग्यारह रूपये दान पेटी में डाल देता है और स्वामी जी की तरफ देखकर पूछता है कि अब आप भगवान से कहेंगें न। उस बालक का उसकी बहन के प्रति प्रेम और समर्पण देखकर स्वामी जी भौचक्के रह गये और प्रवचन छोड़कर उस बालक के साथ उसके घर पहुंच गये। वहां उन्होंने उसकी बहन की हालत देखकर तुरंत चिकित्सालय ले जाकर उसकी चिकित्सा एवं ऑपरेशन का प्रबंध कर दिया और सारी रकम अपने पास से अस्पताल में दे दी। उस बच्ची का तुरंत ऑपरेशन हो गया और उसकी जान बच गयी। स्वामीजी भी ऑपरेशन होने तक अस्पताल में ही बैठकर भगवान का नाम जप कर उसके ठीक होने की प्रार्थना करते रहे और चिकित्सकों के यह कहने के बाद कि अब उसकी जान को कोई खतरा नहीं है, वापस आश्रम चले गये। वह बालक सबको कह रहा था कि भगवान ने महात्मा जी की बात मानकर उनके माध्यम से रूपये भिजवाकर मेरी बहन की जान बचा ली। महात्मा जी को जब बच्चे के मन की यह बात पता हुई तो उनके चेहरे पर असीम प्रसन्नता एवं खुशी का भाव आकर असीम संतुष्टि व तृप्ति का एहसास हुआ।

## 10 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष**



बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। वरिष्ठ जन सहायता करेंगे। अप्रत्याशित लाभ होगा। यात्रा होगी। सुखद यात्रा हो सकती है। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी।

**वृषभ**



अप्रत्याशित खर्च होंगे। तनाव रहेगा। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम न लें। नए संबंधों के प्रति सतर्क रहें। भूल करने से विरोधी बढ़ेगे।

**मिथुन**



रुका हुआ धन मिल सकता है। निवेश शुभ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। रुका काम समय पर पूरा होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**कर्क**



वरिष्ठ जन सहायता करेंगे। रुके कार्यों में गति आएगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रोजगार बढ़ेगा। सतर्कता से कार्य करें। व्यापार में नए अनुबंध आज नहीं करें।

**सिंह**



तंत्र-मंत्र में रुचि बढ़ेगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। बाहरी सहायता से काम होंगे। ईश्वर में रुचि बढ़ेगी। कामकाज की अनुकूलता रहेगी।

**कन्या**



चोट व रोग से बचें। जल्दबाजी से हानि होगी। दूसरों पर विश्वास हानि देगा। कार्य में बाधा होगी। पत्नी से आश्वासन मिलेगा। स्वयं के निर्णय लाभप्रद रहेंगे।

**तुला**



घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। व्यापार व्यवसाय अच्छा चलेगा। कार्यों में विलंब से चिंता होगी।

**वृश्चिक**



संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता बनी रहेगी। व्यापार में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु**



पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। रोजगार में उन्नति एवं लाभ की संभावना है।

**मकर**



शोक समाचार मिल सकता है। काम में मन नहीं लगेगा। विवाद से बचें। मेहनत अधिक होगी। आवास संबंधी समस्या हल होगी। आलस्य न करें। व्यावसायिक चिंता रहेगी।

**कुम्भ**



घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। कार्य पूर्ण होंगे। आय बढ़ेगी। मनोरंजक यात्रा होगी। प्रसन्नता रहेगी। सहयोगी मदद नहीं करेंगे। व्ययों में कटौती करने का प्रयास करें।

**मीन**



पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। जोखिम न लें। लाभ होगा। कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाएं रखें। आर्थिक अनुकूलता रहेगी।

बालीवुड | मन की बात

# कंगना रनोट के अत्याचारी खेल में होगी शहनाज गिल की एंट्री



कंगना रनोट के अत्याचारी खेल में पहले ही काफी धमाल मचा हुआ है। अब खबर आ रही है कि इसमें और भी स्पाइस एड करने बिग बॉस 13 की कंटेस्टेंट शहनाज गिल भी शामिल होने वाली हैं। शहनाज को लेकर मीडिया रिपोर्ट्स है कि वो जेल में कैदी बनकर नहीं बल्कि जेलर बनकर सामने आने वाली हैं। जी हां, आपने सही पढ़ा, लॉक अप में बहुत जल्द शहनाज गिल जेलर बनकर एंट्री करने वाली हैं। बिग बॉस 13 विनर सिद्धार्थ शुक्ला के निधन के बाद लोग शहनाज को देखना चाहते हैं। सोशल मीडिया पर भी उनकी अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है। इससे पहले उन्हें फिल्म हौसला रख और बिग बॉस 15 के फिनाले में देखा गया था। टेलिचक्कर की रिपोर्ट के मुताबिक, शहनाज गिल कथित तौर पर एकता कपूर के रियलिटी शो लॉक अप में जेलर के रूप में एंट्री करेंगी। कंगना रनोट के इस शो के बारे में बात करें तो ये जेल बंद कैदियों के बीच एक गेम शो है। इस जेल में सर्वाइव करने के लिए काफी मुश्किलों से गुजरना पड़ता है। खैर, शहनाज गिल से पहले, लॉक अप के मेकर्स ने करण कुंद्रा को जेलर के रूप में दिखाया, और तब से दर्शकों को शो का ये पार्ट काफी पसंद आया। मेकर्स ने नोटिस किया है कि जब भी शो में करण को दिखाया जाता है तो रेटिंग बढ़ जाती है। अब उम्मीद है कि शहनाज के आने से शो की रेटिंग में उछाल आएगा। बता दें कि लॉक अप शुरू होने से पहले खबर आई थी कि शहनाज इस शो में कैदी बनकर आएंगी। पर ऐसा हुआ नहीं शहनाज तो नहीं आईं पर इस रियलिटी शो में हर हफ्ते काफी बवाल जरूर देखने को मिलता है। जजमेंट डे के दिन कंगना रनोट के सामने कंटेस्टेंट खुद को बचाने के लिए अपना कोई न कोई सीक्रेट सबके सामने खोलते हैं।

# लंदन फाइल्स : अर्जुन रामपाल ने जासूस बन किया हैरान

बॉलीवुड | तड़का

बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल की मोस्ट अवेटेड वेब सीरीज लंदन फाइल्स का फैंस काफी लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। इसी ब्रेसबी को देखते हुए अब मेकर्स ने सीरीज का दमदार ट्रेलर रिलीज कर दिया है। लंदन फाइल्स एक इनवेस्टिगेटिव वेब सीरिज है, जिसमें अर्जुन एक डिटेक्टिव का किरदार निभाएंगे। लंदन फाइल्स में अर्जुन को एक जासूस का किरदार निभाते हुए देखा जा रहा है, जो कई रहस्यों से पर्दा उठाने वाले हैं। ओम सिंह नाम के डिटेक्टिव का किरदार निभा रहे अर्जुन को इस सीरीज में अपनी ही कुछ परेशानियों से जूझते देखा जाएगा। वहीं ट्रेलर में उन्हें एक मर्डर मिस्ट्री को सुलझाते भी देखा जा रहा है।

ट्रेलर की शुरुआत अर्जुन कपूर के किरदार से होती है, जिसे दवाई ना लेने पर चीजें दिखाई और सुनाई देने लगती हैं। जिस वजह से वह अपने आप पर भरोसा नहीं कर सकता। इसके बाद एक लापता लड़की का केस मिलता है, जिसे सुलझाने के दौरान वह खुद ही उसमें उलझता चला जाता है। सीरीज में ओम सिंह को मजबूर किया जाता है कि वह मीडिया मोगुल अमर रॉय की खोई हुई बेटी का केस अपने अंडर ले। अब लंदन फाइल्स के ट्रेलर ने दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। सीरीज में अर्जुन रामपाल के अलावा पूरब कोहली, सपना पब्बी, सागर आर्य, गोपाल दत्त, मेधा राणा और ईवा जेन विलिय जैसे सितारे अहम भूमिकाओं में दिख रहे हैं। सचिन पाठक के निर्देशन में बनी इस सीरीज को वूट पर स्ट्रीम किया जाएगा। 6 एपिसोड वाली ये सीरीज 21 अप्रैल को रिलीज हो सकती है।




# भूल भुलैया 2 : टीजर देख ही कांप उठेगी रूह

कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 का दर्शकों को लंबे वक्त से बेसब्री से इंतजार था। काफी समय तक और कई कारणों से फिल्म की रिलीज डेट पोस्टपोन होने के बाद अब आखिरकार इसका टीजर रिलीज कर दिया गया है, जिसके बाद फिल्म के लिए उत्सुकता और दोगुनी हो गई है। टीजर में कार्तिक का स्वैग देखने लायक है।

टीजर की शुरुआत होती है पॉप्युलर सॉन्ग आमी छे तुम्हार के साथ। इसके बाद भूतिया हवेली की झलक दिखाई देता है। यहां एक दरवाजे पर बड़ा सा ताला लगा हुआ है, जो देखते ही देखते अपने आप खुल जाता है। इसके बाद एक चीखती हुई रूह की झलक दिखाई देती है। टीजर देखने के बाद ही फिल्म के लिए बेसब्री और बढ़ गई है। 53 सेकंड के इस टीजर में कार्तिक आर्यन ब्लैक कुर्ता पहने, सिर पर गमछा बाधे एंट्री लेते हैं। उन्हें देखते ही भूल भुलैया के अक्षय कुमार याद आने लगते हैं। भूल भुलैया 2 को इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक माना जा रहा है। बता दें कि 2007 में रिलीज हुई अक्षय कुमार की भूल भुलैया को दर्शकों और समीक्षकों से खूब प्यार मिला था। इसी को देखते हुए कार्तिक आर्यन के साथ भूल भुलैया 2 बनाने का फैसला लिया गया था। फिल्म की नई स्टार कास्ट के साथ इस पर लंबे समय से काम चल रहा था। अब भूल भुलैया 2 में कार्तिक के अलावा कियारा आडवाणी, संजय मिश्रा, तब्बू और राजपाल यादव जैसे सितारों को अहम किरदारों में देखा जाएगा। अनीस बजमी के निर्देशन में बनी ये फिल्म 20 मई, 2022 को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है।



अजब-गजब | जानिए इसके पीछे की वजह

# यहां दूल्हे को दहेज में दिए जाते हैं 21 जहरीले सांप, नहीं देने पर टूट जाती है शादी

आपने शादियों में दहेज के रूप में रूपए पैसे और गाड़ियां देने की बात तो सुनी होगी और देखी होगी। लेकिन क्या आपने सुना है कि दहेज में दूल्हे को जहरीले सांप दिए जाते हों। हालांकि यह बात सच है कि भारत में ही एक जगह ऐसी है, जहां दहेज के रूप में दूल्हे को जहरीले सांप दिए जाते हैं। अगर दुल्हन के घरवाले ऐसा नहीं कर पाते हैं तो शादी टूट जाती है।

**दहेज में दिए जाते हैं 21 जहरीले सांप**

मध्य प्रदेश के गौरिया समुदाय में यह प्रथा है कि लोग अपने दामाद को दहेज में 21 जहरीले सांप देते हैं। इस समुदाय में यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। मान्यता है कि अगर इस समुदाय से जुड़ा कोई शख्स अपनी बेटी को शादी में सांप नहीं देता तो उसकी बेटी की शादी जल्दी ही टूट जाती है।

**सगाई होते ही शुरू कर देते हैं सांप पकड़ना**

कहते हैं कि बेटी की शादी तय होते ही उसके घरवाले दामाद को दहेज देने के लिए सांप पकड़ना शुरू कर देते हैं। इनमें गेंहुअन जैसे जहरीले सांप भी शामिल होते हैं। इस समुदाय के बच्चों को भी उन जहरीले सांपों से डर नहीं लगता बल्कि वो उनके साथ आराम से खेलते नजर आते हैं।



**इस वजह से दिए जाते हैं जहरीले सांप**

दरअसल, इस समुदाय के लोगों का मुख्य पेशा सांप पकड़ना है और वो उन्हें लोगों को दिखाकर पैसा कमाते हैं। इसी वजह से पिता अपनी बेटी की शादी में दामाद को जहरीले सांप देता है। जिससे कि इन सांपों के जरिए उनका दामाद कमाई कर सके और परिवार का पेट पाल सके। बता दें कि सांपों को सुरक्षित रखने के लिए इस समुदाय ने कड़े नियम भी बना रखे हैं।

कहते हैं कि अगर सांप इनके पिटारे में मर जाता है तो पूरे परिवार के लोगों को मुंडन कराना पड़ता है। साथ ही समुदाय के सभी लोगों को भोज करना पड़ता है।

# सबसे अद्भुत मंदिर, जिसमें दिन में कई बार बदलती है माता की मूर्ति का रंग



हमारे देश में हजारों मंदिर स्थित है। इनमें से तमाम मंदिर प्राचीन काल के हैं और उनमें से कई मंदिर रहस्यमयी मंदिर माने जाते हैं। आज हम आपको एक ऐसे ही मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं जिसे रहस्यमयी माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस मंदिर की मूर्ति दिन में कई बार रंग बदलती है। इस मंदिर का नाम है धारा देवी मंदिर। दरअसल, उत्तराखंड के श्रीनगर से करीब 14 किलोमीटर दूर स्थित ये मंदिर हर दिन किसी चमत्कार का गवाह बनता है। इस चमत्कार को देखकर लोग हैरान हो जाते हैं। दरअसल, इस मंदिर में मौजूद माता की मूर्ति दिन में तीन बार अपना रूप बदलती है। मूर्ति सुबह में एक कन्या की तरह दिखाई देती है और दोपहर में युवती के रूप में बदल जाती है। शाम होते ही इस मंदिर में मौजूद मूर्ति किसी बूढ़ी महिला के रूप में बदल जाती है। यह नजारा वाकई हैरान कर देने वाला होता है। एक पौराणिक कथाओं के मुताबिक, एक बार भीषण बाढ़ में ये मंदिर बह गया था। साथ ही साथ उसमें मौजूद माता की मूर्ति भी बह गई और वह धारो गांव के पास एक चट्टान से टकराकर रुक गई। कहते हैं कि उस मूर्ति से एक ईश्वरीय आवाज निकली, जिसने गांव वालों को उस जगह पर मूर्ति स्थापित करने का निर्देश दिया। इसके बाद गांव वालों ने मिलकर वहां माता का मंदिर बना दिया। पुजारियों की मानें तो मंदिर में मां धारी की प्रतिमा द्वापर युग से ही स्थापित है। माना जाता है कि मां धारी के मंदिर को साल 2013 में तोड़ दिया गया था और उनकी मूर्ति को उनके मूल स्थान से हटा दिया गया था। इसी वजह से उस साल उत्तराखंड में भयानक बाढ़ आई थी, जिसमें हजारों लोग मारे गए थे। माना जाता है कि धारा देवी की प्रतिमा को 16 जून 2013 की शाम को हटाया गया था और उसके कुछ ही घंटों बाद राज्य में आपदा आई थी। बाद में उसी जगह पर फिर से मंदिर का निर्माण कराया गया।

# राजधानी में कल से फिर चढ़ेगा पारा, लू का अलर्ट

» दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ने की संभावना

» प्रदेश के अन्य शहरों में शुष्क रहेगा मौसम

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। राजधानी में कल से पारा फिर चढ़ेगा। मौसम विभाग ने तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की संभावना जताई है। साथ ही लू का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा प्रदेश के अन्य शहरों में मौसम के शुष्क बने रहने का अनुमान है। गुरुवार को प्रयागराज का तापमान सबसे अधिक रहा।**



मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहने के साथ लू की चेतावनी जारी की है। उत्तरी पाकिस्तान से लेकर जम्मू कश्मीर तक पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है लेकिन अभी प्रदेश में उसके प्रभाव की संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के आसपास 16 अप्रैल से 18 अप्रैल तक प्रदेश भर में फिर से लू चलने की चेतावनी जारी की है। गुरुवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 40.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान प्रयागराज में 43.1 डिग्री सेल्सियस, वाराणसी में 43.0 डिग्री सेल्सियस और फतेहगढ़ में 42.9 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश में न्यूनतम तापमान फतेहगढ़ में 19.0 डिग्री सेल्सियस और कानपुर में 20.4 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज किया गया। गुरुवार को शहर का एक्यूआई स्तर 186 पर दर्ज किया गया। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, अगले दो दिनों तक शहर का अधिकतम तापमान 41.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.0 डिग्री सेल्सियस तक रहने की आशंका है। अगले 24 घंटे के बाद अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़त होने की संभावना है। गुरुवार को शहर का मौसम शुष्क रहा। हालांकि तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज हुई। प्रदेश भर के विभिन्न स्थानों पर 20 से 30 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से धूल भरी तेज हवाओं ने घर से निकलना मुहाल कर दिया। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर और बलरामपुर में बूंदाबांदी दर्ज की गई।

# मकान तोड़ने पहुंचा बुलडोजर तो सरगना ने उगल दिए सारे राज



4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**मुरादाबाद। दिल्ली एनसीआर के साथ ही आस-पास के जनपदों से वाहन चोरी करने के साथ उसे काटकर बेचने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया। इस मामले में पाकबड़ा पुलिस ने छह आरोपितों को गिरफ्तार करने के साथ 12 के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की। पुलिस ने पकड़े गए आरोपितों के पास से दस चोरी की कार और 40 चोरी की गई गाड़ियों के कटे हुए पार्ट्स बरामद किए। बदमाशों के खिलाफ दिल्ली के साथ ही अमरोहा, रामपुर, बदायूं, सम्भल के साथ ही मुरादाबाद के अलग-अलग थाने में चोरी के मुकदमे दर्ज हैं।**

» वाहन चोरी में पकड़े गए हैं छह बदमाश, अन्य की तलाश

» गोदाम से 40 गाड़ियों के पार्ट्स किए गए बरामद

उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद के पाकबड़ा के गिंदौड़ा गांव निवासी नसीरुद्दीन उर्फ नासिर गैंग का सरगना है। वह दो साल से इस काम को कर रहा था। इसके लिए उसने गांव के बाहर जंगल में गोदाम बनाया था, जहां पर चोरी के वाहनों को एकत्र करने के साथ ही उनको काटकर बेचा जाता था। नासिर पहले कुछ भी बताने को तैयार नहीं था। पाकबड़ा थाना प्रभारी रंजन शर्मा ने थाने में बुलडोजर बुलाने के साथ ही उसे आरोपी के घर में चलाने का निर्देश दिया तो आरोपी ने सभी राज उगल दिए। पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जबकि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। पुलिस के अनुसार बरामद की गई गाड़ियों और पार्ट्स की कीमत लगभग दो करोड़ रुपये है। एसएसपी बबलू कुमार ने बताया कि मंगलवार को पाकबड़ा पुलिस ने गोपनीय सूचना मिली थी कि गाड़ियों को चोरी करके कैलसा रोड के गिंदौड़ा गांव के पास बने गोदाम में एकत्र किया जा रहा है। गोदाम से चोरी करके लाई गईं दस कारों के साथ ही 40 गाड़ियों के कटे हुए पार्ट्स बरामद किए गए। नसीरुद्दीन से पूछताछ के आधार पर शाहिद, रियाजुल, इमरान, फुरकान और अरमान को गिरफ्तार किया गया है।

# डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से मिला प्रतिनिधिमंडल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। आयुष्मान भारत-प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना की प्रदेश की समस्त जिला इकाइयों के 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को उप मुख्य मंत्री व चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात कर उन्हें उपमुख्यमंत्री बनने की बधाई दी। साथ ही उन्हें आयुष्मान भारत योजना की अनियमितताओं की जानकारी दी।**

» समस्याओं के समाधान का किया अनुरोध

प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि योजना के प्रारंभ होने के बाद से अब तक इसका क्रियान्वयन के लिए जनपद स्तर पर संविदा पर नियुक्त किए गए तीनों कार्मिक ( डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम कॉर्डिनेटर, इनफार्मेशन सिस्टम मैनेजर एवं ग्रीवन्स मैनेजर) के मानदेय में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं हुई है जबकि सभी संविदा कार्मिकों के लिए प्रति वर्ष 5फीसदी की वृद्धि एवं तीन वर्ष की सेवा पूर्ण होने के उपरांत 15फीसदी का लॉयल्टी बोनस दिए जाने का प्रावधान है। 3.5 वर्ष पूर्ण हो जाने के बाद भी अभी तक मानव संसाधन नीति लागू नहीं की गई है। साथ ही समस्या के समाधान का अनुरोध प्रतिनिधिमंडल ने किया।

# मेरठ में दो लाख का इनामी अकबर बंजारा दो भाइयों समेत गिरफ्तार

» असम पुलिस के किया हवाले, अरबों की संपत्ति है आरोपी के पास

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**मेरठ। पूर्वी भारत के इनामी गोतस्कर अकबर बंजारा को दो भाइयों के साथ मेरठ के फलावदा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। असम में अकबर पर दो लाख का इनाम घोषित है। असम के गोतस्कर रवि रेड्डी के साथ मिलकर अकबर गोतस्करी कर रहा था। उसने बांग्लादेश सीमा, असम और मेरठ में अरबों की संपत्ति बना रखी है। फलावदा पुलिस ने अकबर बंजारा और उसके एक भाई सलमान को असम पुलिस के हवाले कर दिया है जबकि तीसरे भाई शमीम को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे मेरठ जेल भेज दिया।**

एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने बताया कि सूचना पर फलावदा पुलिस ने चेकिंग के दौरान



बाबू खां पुत्र हुसैनी निवासी मोहल्ला बंजारान कस्बा फलावदा और रणजीत पुत्र छप्पी निवासी मलिया खुर्द तलवंडी सलेम, थाना नकोदर जालंधर के कब्जे से ट्रक बरामद किया था। ट्रक के अंदर से गोवंशीय पशु बरामद हुए थे। उस समय अकबर, सलमान व शमीम पुत्रगण पीरू बंजारा, निवासीगण मोहल्ला बंजारान फलावदा और इकबाल पुत्र हाजी सईद निवासी सम्भलहेड़ा, मुजफ्फरनगर फरार हो गए थे। फलावदा पुलिस ने बाबू खां और रणजीत को जेल भेज दिया था। तभी से फरार आरोपितों की तलाश की जा रही थी। क्राइम ब्रांच और फलावदा पुलिस ने मेडिकल थाना क्षेत्र के जेल चुंगी से अकबर और उसके दो भाई सलमान व शमीम को दबोच लिया।

# चलती कार में लहरा रहे थे पिस्टल दो सिपाही सहित तीन को भेजा जेल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**प्रयागराज। नशे में धुत होकर चलती कार में अवैध पिस्टल लहराना दो पुलिसकर्मियों को भारी पड़ गया। राहगीरों की सूचना पर घूरपुर पुलिस ने सिपाही कुशल द्विवेदी, अब्दुल आरिफ सिद्दीकी और चालक मोहसिन सिद्दीकी को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से कार और अवैध पिस्टल बरामद की गई। एसएसपी ने दोनों सिपाहियों को निलंबित कर जेल भेज दिया ।**




» निलंबित, आर्म्स एक्ट में दर्ज किया गया मुकदमा

» राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिसकर्मियों की इस हरकत को एएसपी चिराग जैन ने बताया कि फतेहपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित न्यू कालोनी ज्वालागंज निवासी अब्दुल आरिफ 2001 बैच का सिपाही है जबकि कुशल द्विवेदी मोतीयारी थाना नरैनी जनपद बांदा का निवासी है। दोनों प्रयागराज शहर कोतवाली थाने में तैनात थे। दोनों सिपाही मोहसिन सिद्दीकी के साथ उसकी कार में जा रहे थे। रास्ते में सिपाहियों को पिस्टल लहराते हुए राहगीरों ने देखा तो पुलिस को खबर दी। थोड़ी ही देर में एएसपी चिराग जैन ने घूरपुर थाने के बाहर बैरिकेडिंग लगवाकर चेकिंग शुरू कर दी और फिर कार में सिपाही सहित तीनों को पकड़ लिया। तलाशी में कार से पिस्टल मिली। एएसपी ने बताया कि सिपाही नशे में धुत थे। पूछताछ में बताया कि कुशल की बीमार मां को देखने के लिए वे तीनों कार में महोबा जा रहे थे। अब्दुल थाने से गैरहाजिर था जबकि कुशल ड्यूटी खत्म करने के बाद रवाना हुआ था। मगर पिस्टल के बारे में जवाब नहीं दे सके।

# देश में कौन फैला रहा नफरत का माहौल?

» पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी में अजान के वक्त हो रहा हनुमान चालीसा का पाठ

» 4पीएम की परिचर्चा में प्रबुद्धों ने उठाए कई सवाल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने जब संविधान का निर्माण किया तो सभी को समान अधिकार दिया लेकिन आज हालात ठीक उलट दिख रहे हैं। उनकी जयंती के समय पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी में अजान के वक्त हनुमान चालीसा का पाठ लाउडस्पीकर के जरिए शुरू किया गया। क्या धूमधाम से बाबा साहेब की जयंती मनाने वाले सत्ता धारी सियासी दल संविधान को लागू कर पा रहे हैं? देश में नफरत का माहौल कौन पैदा कर रहा है? इस मुद्दे पर राजनीतिक विश्लेषक अशोक वानखेड़े,, प्रो. सुधांशु कुमार, पत्रकार विनीत नारायण, आप प्रवक्ता वंशराज दूबे, प्रो. जितेंद्र मीना और 4पीएम के संपादक संजय शर्मा के बीच लंबी परिचर्चा हुई।**



परिचर्चा

रोज शाम को छह बजे देखिए 4PM News Network पर एक ज्वलंत विषय पर चर्चा

प्रो. सुधांशु कुमार ने कहा कि ऐसा नहीं है हनुमान चालीसा का पाठ पहले मंदिरों में नहीं होता था, परेशानी तब होती है जब आप टारगेट करते हैं कि जब अजान होगी तो हम हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। प्रो. जितेद्र मीना ने कहा जिस तरह की परिकल्पना संविधान की गई थी उसमें टालरेंस की बात की गई थी। लोगों को अपनी पूजा पद्धति, परंपरा अपनाने की आजादी दी गई थी। जो नफरत का एजेंडा चल रहा है ये आज का एक राष्ट्रीय प्रोजेक्ट है इसे समझना चाहिए। अशोक वानखेड़े ने कहा, दलित व अन्य जातियों के बीच राजनीति समझ पैदा हुई। लिहाजा सियासी समीकरण अपने फेवर में लाने के लिए दलित, ओबीसी अनिवार्य हो गया है। विनीत नारायण ने कहा, लाउडस्पीकर पर धर्म का प्रचार समाज के हक में नहीं है। 2014 में मैंने सुप्रीम कोर्ट में लाउडस्पीकर बैन करने को लेकर पीआईएल दायर की थी। कोर्ट ने कहा कि एक लेवल से ऊपर शोर न हो इसको थाना इंशोयर करे। वंशराज दुबे ने कहा कि एक ओर ये हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे है दूसरी ओर राम मंदिर के नाम पर बड़ा घोटाला किया गया। हनुमान जी को संकट मोचक कहा जाता है लेकिन ये लोग आज देश को संकट में डालने का काम कर रहे है।

## अपर मुख्य सचिव गृह के निर्देशों का असर

# गोरखपुर के थाना राजघाट का हुआ कायाकल्प



» प्रभारी निरीक्षक ने स्थानीय जनता के सहयोग से किया सौंदर्यीकरण, स्थापित किया महिला हेल्प डेस्क

» प्रभारी निरीक्षक रणधीर कुमार मिश्रा के काम की क्षेत्र के लोग कर रहे सराहना




4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जारी अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी के निर्देशों का जमीन पर असर दिखने लगा है। निर्देश के बाद गोरखपुर के थाना राजघाट का वहां के प्रभारी निरीक्षक ने अपनी टीम और जनता के सहयोग से न केवल सौंदर्यीकरण किया है बल्कि महिला हेल्प डेस्क की स्थापना भी कर दी है।

अपर मुख्य सचिव गृह, उत्तर प्रदेश शासन ने प्रदेश की कानून व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, सुशासन एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ यह भी निर्देशित किया था कि प्रत्येक पुलिस थाने में आम जनता के लिए स्वच्छ वातावरण स्थापित करते हुए जनसामान्य के बैठने एवं स्वच्छ पेयजल व प्रसाधन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि आम जनता बिना किसी भय के अपनी शिकायतों के निस्तारण के लिए थाने पर आ सके। थाने को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता अभियान के साथ वृक्षारोपण आदि कार्य कराए जाने के भी निर्देश दिए गए थे। इस निर्देश के बाद गोरखपुर के थाना राजघाट में तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक रणधीर कुमार मिश्रा ने अपने स्टाफ और स्थानीय जनता के सहयोग से थाना राजघाट परिसर के जीर्णोद्धार के लिए कार्य किया। इससे पूरे थाना परिसर का कायाकल्प हो गया। आगंतुक कक्ष, थाना -कार्यालय, महिला हेल्प- डेस्क आदि सभी स्थानों को काफी अच्छे तरीके से व्यवस्थित एवं पुनर्निर्मित कराया गया। परिसर की साफ-











सफाई और सौर्दयीकरण भी किया गया है। महिला हेल्प डेस्क एवं महिला विश्रामालय का भी निर्माण कराया गया, जिससे थाने पर आने वाली महिला आगंतुकों को किसी तरह की कोई असुविधा न हो सके। रणधीर मिश्रा के इस पहल की क्षेत्र में खूब सराहना हो रही है।

# आगरा : युवती को भगाने के आरोपी के घर में लगाई आग, आठ गिरफ्तार

» चौकी इंजार्ज निलंबित, पुलिस फोर्स तैनात, दमकल कर्मियों ने आग पर पाया काबू

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

आगरा। आगरा के थाना सिकंदरा क्षेत्र के रुनकता से लापता हुई युवती के मामले में आरोपी जिम संचालक साजिद की गिरफ्तारी न होने पर आज सुबह गांव में बवाल हो गया। आरोपी जिम संचालक के दो घरों में आग लगा दी गई। सूचना पर कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। आरोपियों को चिन्हित किया जा रहा है। मौके पर पहुंची दमकल ने घरों में लगी आग पर काबू पाया। इस मामले में लापरवाही बरतने पर एसएसपी ने रुनकता चौकी इंचार्ज को निलंबित कर दिया गया है। वहीं पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



बताया जाता है कि आरोपी जिम संचालक के दो घरों पर ताला लगा हुआ था। तभी बड़ी संख्या में लोग आए। उन्होंने घरों के ताले तोड़कर आग लगा दी। इसके बाद भाग निकले। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। सीओ हरीपर्वत सत्यनारायण का कहना है कि दो घरों में आग लगाई गई है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। इलाके में फोर्स तैनात की गई है। एसएसपी सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि चार दिन पहले बालिग लड़की एक लड़के के साथ चली गई थी। लड़की को पुलिस ने बरामद कर लिया है। कोर्ट की छुट्टी के कारण लड़की के अभी बयान नहीं हो पाए हैं।

उन्होंने कहा कि आज कुछ लोग यहां इकट्ठे हुए थे। लोगों ने आरोपी के घरों में आग लगा दी। आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगजनी करने वालों के खिलाफ गैंगस्टर और एनएसए के तहत कार्रवाई की जाएगी। रुनकता की रहने वाली छात्रा 11 अप्रैल की दोपहर लापता हो गई थी। परिजनों ने जिम संचालक साजिद पर उसे अगवा कर ले जाने का आरोप लगाया। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

# सपा सांसद सुखराम ने सीएम से की मुलाकात, सियासी चर्चा गर्म

» भाजपा में शामिल होने की लगायी जा रही हैं अटकलें

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



कानपुर। सपा को एक और झटका लग सकता है। मुलायम सिंह यादव व शिवपाल के बेहद करीबी माने जाने वाले राज्य सभा सांसद व विधान परिषद अध्यक्ष रहे सुखराम सिंह यादव ने परिजनों संग सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इससे उनके भाजपा में शामिल होने की चर्चा तेज हो गयी है। इस मौके पर उन्होंने पिता चौधरी हरमोहन सिंह पर लिखी पुस्तक सीएम योगी को भेंट की। बेटा मोहित यादव पहले ही सपा से किनारा कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। सीएम योगी से मुलाकात के बाद सियासी गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं।

सपा सांसद सुखराम सिंह यादव के बेटे मोहित यादव ने पिता के भाजपा में शामिल होने को लेकर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया. लेकिन भाजपा से नजदीकियां सुखराम सिंह यादव से लगातार बढ़ती जा रही हैं। सुखराम सिंह की यादव की ओबीसी वोट बैंक में अच्छी पकड़ है। वे अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। ऐसे में लोक सभा चुनाव से पहले भाजपा ओबीसी और यादव वोट बैंक में अच्छी पकड़ बनाना चाहती है। कानपुर नगर और देहात की लगभग सभी सीटों पर ओबीसी वोट बैंक अच्छी तादाद में है। वहीं इसका असर पूरे प्रदेश के ओबीसी वोट बैंक पर पड़ना तय है।

# शिवपाल ने भंग कीं प्रसपा की राज्य व राष्ट्रीय इकाइयां

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष



शिवपाल सिंह यादव ने आज अपनी सभी राज्य कार्य समितियों, राष्ट्रीय और राज्य कार्य प्रकोष्ठों को भंग कर दिया है। उनके इस कदम को काफी गंभीरता से लिया जा रहा है। इसके साथ ही शिवपाल सिंह यादव का सियासी यू टर्न भी देखने को मिल रहा है। अब शिवपाल सिंह यादव प्रदेश में कामन सिविल कोड के लिए लड़ेंगे।

शिवपाल सिंह यादव ने इससे पहले गुरुवार को बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती के मौके पर राष्ट्रीयता व समाजवाद विषय पर कार्यशाला का आयोजन में शिरकत की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि बाबा साहब ने समाजवाद की खुली पैरवी की थी। उन्होंने संविधान सभा में समान नागरिक संहिता की वकालत की थी जिसे लोहिया ने 1967 के चुनाव में जन-मुद्दा भी बनाया था।

# नगर विकास मंत्री ने सफाईकर्मियों के साथ उठाई झाड़ू, बढ़ाया हौसला

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा आज सुबह-सुबह वर्चुअल रूप से प्रदेश के अधिकांश नगर अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ जुड़े और सफाई में तेजी लाने के मंत्र दिए। उन्होंने कहा कि शहरी विकास का काम है। 90 प्रतिशत काम हम चाहें तो आसानी से हो सकता है। हम अपने सफाई कर्मचारी की थोड़ी पीठ थपथपा दें तो वह दोगुना स्पीड से काम करने लगेंगे। इससे पूर्व नगर विकास मंत्री खुद सफाई कर्मियों के पास जाकर सड़कों पर उनके साथ झाडू उठाई, सफाई की और उनका हालचाल जाना।

नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने सुबह पांच से आठ बजे तक नियमित नगर की सफाई करने, कूड़ा उठान और ठेला वालों को कड़ाई से उनके आस-पास के कूड़े की सफाई करने का आदेश देने के साथ ही 15 जून तक नाली की सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश



दिया। उन्होंने कहा कि उसमें कल से ही फर्क दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें इसकी आदत डालनी होगी। हमारा पहला काम होता है, घर की सफाई करना। पहले गांवों में हमें सीख दी जाती थी खरहरा उठाकर सफाई करने की। यह हमारी परंपरा रही है। हमें उसे पुन: स्थापित करना है इससे बड़ा कोई मंत्र नहीं है। जब सभी पदाधिकारी व कर्मी सुबह-सुबह रोड पर निकलेंगे तो अपने-आप सफाई हो जाएगी।






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक बबिता चतुर्वेदी के लिए 4पीएम आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (यूपी) से मुद्रित एवं प्रकाशित। प्रधान संपादक- अर्चना दयाल, संपादक - संजय शर्मा, स्थानीय संपादक - सूर्यकांत त्रिपाठी*, विधि सलाहकार: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, वित्तीय सलाहकार: संदीप बंसल, कार्टूनिस्ट: हसन जैदी, दूरभाष: 0522- 4078371 । Email: daily4pm@gmail.com । website: www.4pm.co.in । RNI-UPHIN/2015/62233 डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।